Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to streamline the auction process for confiscated goods entering India from Nepal in Uttar Pradesh-Laid.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी, उ.प्र. की बड़ी सीमा नेपाल से जुड़ी है जिसके कारण नेपाल राष्ट्र से आने-जाने वाले लोगों व दोनों देश के वैध व्यापार का संचालन करने हेतु कस्टम विभाग के कार्यालय, कृषि मंत्रालय के कार्यालय एस.एस.बी. व पुलिस आदि की निगरानी लगातार रहती है। कई बार प्रतिबंधित वस्तुओं की तस्करी या गलत तरीके से वैध वस्तुओं का व्यवसाय करने वाले लोग सीमा पर काम कर रही एजेंसियों द्वारा तस्करी के समान सहित पकड़े जाते हैं, पकड़े जाने पर कस्टम के सिवाय अन्य एजेंसियों द्वारा पकड़ा सामान व तस्कर कस्टम विभाग को सौंप दिए जाते हैं। परन्तु अब ऐसी सूचनायें मिल रही हैं कि कुछ प्रभावी तस्कारों द्वारा कथित कस्टम विभाग से मिलकर आपराधिक दुरभसंधि की जा रही है तथा विभाग से मिल कर औने-पौने दाम पर नीलामी कराकर स्वयं खरीदकर पुन: उक्त सामान व कागजों का उपयोग तस्करी के लिए किया जाता है ।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि पकड़े गए तस्करी के सामान की नीलामी जब्ती के लिए कोई ऐसी योजना बनाने की कृपा करें जिससे सीमा पर हो रही तस्करी को रोकने के साथ इस तरह के अवैध व गैर कानूनी कार्यों को रोका जा सके ।